कार्यालय अधिष्ठाता
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.)
FAX (O) -07752-224200, PHONE (O) - 07752-230030, 222302
Website : www.cimsbilaspur.ac.in, email- deancims@gmail.com

क्रमांक / 813 / सिम्स / स्था.प्रशा. / 2022 बिलासपुर, दिनांक 13/01/2022

## / / विज्ञापन / /

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 12–02 / 2021 / 55 दिनांक 06.10.2021 के द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के माइक्रोबायोलॉजी में संचालित वायरोलॉजी लैब हेतु स्वीकृत पद संरचना के रिक्त 18 पदों को सीधी भर्ती से भरने की अनुमति प्राप्त होने के फलस्वरूप निम्नलिखित पदों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासियों से दिनांक 27.01.2022 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 से सायं 05.30 बजे आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्रं. | पदनाम | वेंतनमान मेट्रिक्स | रिक्त पद | संवर्ग | मुक्त | महिला | दिव्यांग | योग | शैक्षणिक अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मेडिकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट | 28700–91300 (लेवल–7) | 16 | अनारक्षित | 5 | 2 | 1(OA, OL, BL ) | 8 | (1) जीव विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र में हायर सेकेण्ड्री / (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण<br>(2) शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>(3) राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। |
| | | | | अ.ज.जा | 3 | 0 | 0 | 3 | |
| | | | | अ.जा. | 3 | 0 | 0 | 3 | |
| | | | | अ.पि.व. | 2 | 0 | 0 | 2 | |
| 02 | डाटा एंट्री आपरेटर | 25300–80500 (लेवल–6) | 1 | अनारक्षित | 1 | 0 | 0 | 1 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से / (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष के स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>कक्षा 10वी. परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्रापत संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।<br>(2) डाटाएंट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एंट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) |
| | | | | अनु.ज.जा | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | | | अ.जा. | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | | | अ.पि.व. | 0 | 0 | 0 | 0 | |

निरंतर..................

| क्रं. | पदनाम | वेंतनमान मेट्रिक्स | रिक्त पद | संवर्ग | मुक्त | महिला | दिव्यांग | योग | शैक्षणिक अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03. | लैब अटेंडेंट | 15600–49400 (लेवल–1) | 1 | अनारक्षित | 1 | 0 | 0 | 1 | (1) जीव विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र में हायर सेकेण्ड्री/(10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पैथोलॉजी/बायोकेमेस्ट्री में एक वर्षीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र। (3) राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। |
| | | | | अनु.ज.जा | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | | | अ.जा. | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | | | अ.पि.व. | 0 | 0 | 0 | 0 | |

**01. आयु सीमाः–**

अनारक्षित श्रेणी हेतु आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2022 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा. अ.पि.व. महिला, विधवा, परित्यक्ता एवं अन्य को छ0ग0 शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशानुसार आयु सीमा में अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी। सभी प्रकार के छूटों को सम्मिलित करने के बाद शासकीय सेवा में नियुक्त हेतु अधिकतम वर्ष 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु के प्रमाण हेतु हाई स्कूल परीक्षा की स्वप्रमाणित अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है।

**02. नियम एवं शर्तेः–**

01. परिस्थिति वश एवं आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या वृद्धि अथवा विज्ञप्त पूर्ण भाग/आंशिक भाग निरस्त किया जा सकता है।
02. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। मूल निवासी प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से जारी होना चाहिये। मूल निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
03. आवेदक का रोजगार कार्यालय में विज्ञापन की तिथि में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
04. आवेदन के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मिदवारों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति संलगन करना अनिवार्य होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को आय संबंधी प्रमाण पत्र व शासन के नियमानुसार अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनविार्य होगा।
05. यदि आवेदक महिला हो एवं विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता की श्रेणी में आती है तो आयु में छूट के लिये तद्संबंधी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)
06. उपरोक्त पद हेतु प्राप्त दस्तावेजों में त्रुटि अथवा कमी पायी जाने पर दावा अपत्ति के समय उक्ताशय का प्रमाण पत्र अथवा दस्तावेज स्वीकार **नहीं** किये जावेंगे।
07. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा करना अनिवार्य है, अपूर्ण, अस्पष्ट, एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई विचार नही किया जावेगा।
08. दिव्यांगजन श्रेणी की अभ्यर्थी को मुख्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी निःशक्तता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा,।
09. आवेदन करने की तिथि में दर्शाए गए वांछित योग्यताएं पूर्ण होनी चाहिए साथ ही जिस पद हेतु राज्य पैरामेडिकल कौंसिल में पंजीयन वांछित हो, उन आवेदकों का पंजीयन आवेदन दिनांक तक होना अनिवार्य है। वांछित योग्यता से संबधित सभी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

निरंतर.......

10. ऐसे अभ्यर्थी जो, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है उन्हे अपने नियोक्ता/विभाग प्रमुख के द्वारा जारी किया अनुमति/अनापत्ति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
11. शासकीय संस्थान में संबंधित कार्यक्षेत्र के अनुभव को ही मान्य किया जावेगा।
12. किसी भी शासकीय या अर्द्धशासकीय सेवा में कदाचरण के आरोप में हटाये गये ब्लेक लिस्ट अथवा कार्यक्षमता पूर्वक नही करने के कारण सेवा वृद्धि नही किये गये व्यक्ति/अभ्यर्थी चयन के पात्र नही होंगें।
13. आवेदन फार्म के उपर एवं लिफाफे पर वायरोलॉजी लैब हेतु आवेदित पद का नाम एवं संवर्ग अनिवार्यतः अंकित करें।
14. पृथक–पृथक पद हेतु आवेदन करने के लिये पृथक–पृथक आवेदन फार्म भरना अनिवार्य हैं।
15. अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
16. समस्त पदों के लिए आवेदक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय अधिष्ठाता छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर, छ.ग. में स्पीड पेस्ट/पंजीकृत डाक से दिनांक 27/01/2022 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 से सायं 5.30 बजे तक निर्धारित शुल्क **(सामान्य वर्ग के लिए रू 500/– एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए रू 300/– तथा अन्य वर्गो (अनसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति तथा विकलांग) के लिए रू. 200/– का डिमांड ड्राफट राष्ट्रीयकृत बैंक से अधिष्ठाता, सिम्स मेडिकल कॉलेज, बिलासपुर, छ.ग. के नाम से बनाकर आवेदन के साथ (संलग्न करें) जमा करें।**

**03. चयन प्रकिया :–**

**1. चयन प्राविण्यता के आधार पर किया जावेगा :–**

**<u>(अ) लैब टेक्निशियन के पद हेतु :–</u>**

(क) बारहवीं में प्राप्तांक के प्रतिशत का 90 प्रतिशत।

(ख) शासकीय संस्था में उक्त पद से संबंधित कार्य के अनुभव का अधिकतम 10 अंक।

**(प्रत्येक वर्ष का अधिकतम 2 अंक के आधार पर)** ।

**नोटः–** बिन्दु क एवं ख के बोनस के अंक जोडकर अंतिम प्रावीण्यता सूची तैयार की जावेगी।

**<u>(ब) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पर हेतु :–</u>**

(क) बारहवीं में प्राप्तांको का 90 प्रतिशत।

(ख) शासकीय संस्था में उक्त पद से संबंधित कार्य के अनुभव का अधिकतम 10 अंक।

नोटः– बिन्दु क एवं ख के बोनस के अंक जोडकर प्रावीण्यता क्रम में 01 से 10 तक के अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा। दक्षता परीक्षा में उर्त्तीण अभ्यर्थी ही प्राविण्यता सूची अनुसार चयन हेतु पात्र होंगें।

**<u>(स) लैब अटेंडेंट के पद हेतुः–</u>**

(क) बारहवी में प्राप्तांक के प्रतिशत का 90 प्रतिशत।

(ख) शासकीय संस्था में उक्त पद से संबंधित कार्य के अनुभव का अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष का अधिकतम 2 अंक के आधार पर)

नोटः– बिन्दु क एवं ख के बोनस के अंक जोडकर अंतिम प्रावीण्यता सूची तैयार की जावेगी।

**निरंतर..........**

2. छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेश कमांक एफ 1–67/2021/सत्रह/एक दिनांक 07.12.2021 के अनुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जाना है। उक्ताशय का पत्रताधारी अभ्यर्थी तदाशय का प्रमाण पत्र संबधित कार्यालय/संस्था के सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर आवेदन के साथ संलग्न करें।

   नोटः– उपरोक्त बोनस अंक के लिए अनुभव प्रमाण पत्र में कोरोना वैश्विक महामारी का शासकीय संस्था के अंतर्गत जिस पद हेतु आवेदन किया गया है, उसी पद के अनुरूप कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है, तदोपरांत संस्था स्तर पर गठित समिति के अनुमोदन पश्चात ही अनुभव प्रमाण पत्र मान्य किया जावेगा। संलग्न प्रारूप में कार्यानुभव प्रमाण पत्र जमा करें।

3. समान अंक प्राप्त होने के स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जाएगी अर्थात जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हे प्राथमिकता दी जावेगी।
4. बोनस अंक के अतिरिक्त 10 अंको की गणना हेतु 12 माह से कम अनुभव होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।
5. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार अधिष्ठाता छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, सिम्स, बिलासपुर, छ.ग. को होगा।
6. आवेदन का प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाइट (www.cimsbilaspur.ac.in,) से डाउनलोड किया जा सकता है।
7. विज्ञापित पदों के संबंध में जानकारी हेतु सिम्स, महाविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन समय–समय पर करते रहें।
8. चयनित उम्मीदवार का पुलिस सत्यापन होने पश्चात तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जाएगा।
9. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन के वित्त निर्देश 21/2020 दिनांक 29.07.2020 के निर्देशानुसार **03 वर्ष** की परीवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

   अनुशासन एवं नियंत्रण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अध्याधीन होंगे तथा नियुक्त कर्मचारी नियोक्ता के नियंत्रण में कार्य करेंगे।

नोटः– आवेदन पत्र एवं अनुभव का निर्धारित प्रारूप संलग्न है।

अधिष्ठाता 13-01-2022
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स)
बिलासपुर,, छ.ग.

# वायरोलॉजी लैब हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

अधिष्ठाता
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स)
चिकित्सा महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

| आवेदक का स्वसत्यापित पासपोर्ट साईज का फोटो |
|---|

**आवेदित पद का नामः—** ......................................................................

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में ) ......................................................................
   ( अंग्रेजी ब्लाक लेटर्स में ) ......................................................................

2. लिंग ......................................................................

3. पिता /पति का नाम ......................................................................

4. अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता ......................................................................
   ......................................................................
   ब) पत्र व्यवहार का स्थायी पता ......................................................................
   ......................................................................
   स) फोन न./मोबाईल न. ......................................................................

5. अ) जन्म तिथि – अंको में ......................................................................
   शब्दों में ......................................................................
   ब) दिनांक 01.01.2022 को आयु वर्ष..................माह..............दिन..........

6. क्या आवेदक छ.ग. का स्थानीय/मूल/वास्तविक निवासी है ? हां/नहीं ......................................................................

7. वर्ग (अनारक्षित/अजजा./अजा./अपिव.) (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें ।) ......................................................................

8. क्या आवेदक दिव्यांग है ? हां/नहीं (यदि हॉ तो दिव्यांगता संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें ) ......................................................................





9 क्या आवेदक नियमानुसार आयु सीमा में छूट चाहता है। (यदि हॉ तो आयु में छूट के लिये तद्संबंधी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।) ................................................................ ......

10. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ..............................दिनांक...............

11. रोजगार कार्यालय का नाम ......................................................

12. छ0ग0 राज्य पैरामेडिकल काउंसिल का पंजीयन क्रमांक ..................................
दिनांक ..................................

13. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताः

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णाक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

18. कार्यानुभव के विवरण :

| क्र. | शासकीय संस्था का नाम | धारित पद | से | तक | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

19. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः

1.................................2.................................3.................................4.................................5.................................
6.................................7.................................8.................................9.................................10.......................

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि असत्य पाये जाते है या यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा तथ्यों को छिपाया गया है तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांकः. ..............
स्थानः ...............

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम एवं पूरा पता

## कार्यालय का नाम एवं पता

क्रमांक

दिनांक

शासकीय स्वास्थ्य संस्था द्वारा, कोरोना वैशविक महामारी के दौरान अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए जारी किये जाने वाले अनुभव प्रमाण पत्र का प्रारूप

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. .............................................................................. पिता/पति का नाम..................................................इस संस्था मे ..................................................के पद पर दिनांक ... ..........................से ...........................दिनांक तक संविदा/दैनिक वेतन भोगी/अस्थायी स्वास्थ्य कर्मचारी के रूप में कार्यरत है/थे। उक्त कर्मचारी द्वारा इस संस्था में लगातार छः माह या छः माह से अधिक (कुल........वर्ष........ माह..........दिन ) सेवा दिया गया है/था। छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर द्वारा जारी आदेश क्रमांक/एफ/1–67/2021 /सत्रह/एक दिनांक 07.12.2021 के परिपालन मे श्री/श्रीमती/कु........................................................... को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, सिम्स चिकित्सा महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक................ दिनांक .................. में विज्ञापित सीधी भर्ती के पद ................................................(पद का नाम) में चयन हेतु 10 बोनस अंक की पात्रता है।

**संस्था प्रमुख का हस्ताक्षर**
पदमुद्रा सहित